पूछताछ

o मैं दूरदर्शन मैट्रो पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम सुपरस्टार्स में भाग लेना चाहता हूं. इसके फॉर्म कहां पर मिलेंगे? बताएं कि इसके लिए मुझे क्या करना पड़ेगा. कृपया पते के साथ पूरी जानकारी दें.

- हेमराज नागर, कोटा, राजस्थान

– हेमराज जी, आपके कई पत्र हमें मिल चुके हैं. टी.वी. पर प्रसारित होने वाले सुपरस्टार्स कार्यक्रम के प्रसारण के बाद इसका पता बताया जाता है. उसी पते पर पत्र लिखकर आप सारी जानकारी हासिल करके कार्यक्रम आयोजकों से संपर्क साध सकते हैं.

o मैं फिल्मी दुनिया का नियमित पाठक हूं. मैंने बहुत से पत्र लिखे लेकिन आपने मेरा पत्र पूछताछ में शामिल नहीं किया. कृपया इस बार मुझे निराश न करें. मुझे फिल्मालय एक्टिंग स्कूल, तनेजास एक्टर्स स्टूडियो व किशोर-नमित कपूर स्कूल का पूरा पता चाहिए. इसके लिए मैं आपका सदा आभारी रहूंगा.

- शिवेश कुमार, बाल्हा बाजार, खगाड़िया

– पत्रों की अधिकता के कारण बहुत से पत्र पूछताछ में शामिल नहीं हो पाते. उम्मीद है इस बार आप निराश नहीं होंगे. आपके द्वारा पूछे गए पते इस प्रकार हैं. **फिल्मालय एक्टिंग स्कूल, फिल्मालय स्टूडियो,** अम्बोली अंधेरी (प) मुंबई, फोन.6249544, 887162. **रोशन तनेजा एक्टर्स स्टूडियो** 102 होरिजन अपार्टमेंटस, 9वां रास्ता, जे.वी.पी.डी. स्कीम, मुंबई-400094. **किशोर नमित कपूर स्कूल** बी 303, सन स्वेप्ट, लोखंडवाला कॉम्पलेक्स, 4 बंगलोज, अंधेरी, मुंबई-40053, फोन 6261626.

o नई अभिनेत्रियों ऐश्वर्या राय, प्रीति जिंटा, सुष्मिता सेन, अमिषा पटेल के साथ क्या गोविंदा कोई फिल्म कर रहे हैं.

- रेणुका राय, कानपुर

– ऐश्वर्या राय के साथ गोविंदा की *अलबेला* मई में ही रिलीज हुई है. प्रीति जिंटा के साथ *तेरे इश्क में पड़ गया रे*, सुष्मिता सेन के साथ निर्मात्री शोभा कपूर की डेविड धवन के निर्देशन में बन रही एक फिल्म है और अमिषा पटेल के साथ *अपने दिल से पूछो* में आ रहे हैं.

o फिल्म शारदा के बाद मीना कुमारी के साथ क्या राजकपूर की और कोई फिल्म भी बनी थीं?

- रामदेव मुंडा बेरमो, झारखंड

– *शारदा* के क़रीब दो वर्ष बाद 1959 में राज कपूर ने मीना कुमारी के साथ एक और फिल्म *चार दिल चार राहें* की थी. यह फिल्म ख्वाजा अहमद अब्बास ने बनाई थी. इसमें राज कपूर मीना कुमारी के अलावा शम्मी कपूर, कुमकुम और अजीत और निम्मी की दो और जोड़ियां थीं. तीनों कहानियां स्वतंत्र थीं. क्लाइमेक्स पर ये छह के छह पात्र एक बांध के निर्माण-कार्य में इकट्ठे हो जाते हैं.

o क्या यह सच है कि ऐश्वर्या राय जो दावा करती थीं कि वह शादी अपने माता-पिता की पसंद के लड़के से करेगी, लेकिन अब सुना है वह सलमान खान से शादी कर रही हैं?

- हिना ए. देशमुख, रायगढ़

– हिना जी, आप ठीक कह रही हैं. ऐश्वर्या ने कहा तो कुछ ऐसा ही था. लेकिन यह इश्क तो कमबख्त है. सब वादे और इरादे तोड़ देता है. खबर है कि अब ऐश्वर्या अपनी पसंद पर अपने माता-पिता की मोहर लगवाने की कोशिश कर रही हैं. देखते हैं इस कोशिश में वह कामयाब होती है या नहीं.

o करण जौहर की फिल्म कभी खुशी कभी गम के कलाकार कौन हैं और यह कब रिलीज होगी?

- सालाह खान, कछार, असम

– करण की इस फिल्म में शाहरुख खान, काजोल, रितिक रोशन, करीना कपूर, अमिताभ बच्चन, जया भादुड़ी और वहीदा रहमान मुख्य भूमिका निभा रहे हैं. साथ में अनुपम खेर और जॉनी लीवर भी हैं. इसके सितम्बर तक रिलीज होने की उम्मीद है.

o मेरी बचपन से तमन्ना थी कि या तो मैं दरोगा बनूंगा या अभिनेता. ईश्वर ने न तो दरोगा के योग्य लंबाई दी, न पढ़ाई. अब अभिनेता कैसे



o जयश्री टी. और मीना टी. अब फिल्मों में नजर नहीं आतीं? क्या आप इन दोनों बहनों का एक साथ चित्र प्रकाशित कर सकते हैं?

- योगेश, नजीबाबाद

– जयश्री टी. का विवाह पुराने समय की अभिनेत्री नंदा के भाई जयप्रकाश कर्नाटकी से हो चुका है. मीना टी. भी घर बसाकर सुखी विवाहित जीवन व्यतीत कर रही हैं.



○ अभिनेता प्रेमनाथ की पत्नी बीना राय की सबसे मशहूर फिल्म का नाम बताएं? उनका चित्र भी छापें?

- राहुल सोनी, पलवल

– बीना राय की सबसे मशहूर फिल्म थी 1953 में फिल्मिस्तान द्वारा बनाई गई *अनारकली*. लीजिए ऊपर बीना राय का चित्र भी दे रहे हैं.

बनूं? आप ही राह दिखाएं?

- दीपक कुमार, कवास, गुजरात

– अभिनेता बनने के लिए व्यक्तित्व और अभिनय-प्रतिभा जरूरी है. अगर यह है तो फिर मुंबई की राह लीजिए. वहां निर्माताओं से संपर्क कीजिए. शायद किस्मत जोर मार जाए. लेकिन यह सोचकर जाइए कि मुंबई पहुंचने वाली हर ट्रेन आप जैसे लोगों को देश के कोने-कोने से लेकर आती है. लेकिन 99 प्रतिशत बस धक्के खाते ही रह जाते हैं और उस दिन को कोसते हैं जब उन्होंने अभिनेता बनने के लिए मुंबई का टिकट कटाया था. हकीकत यह है कि अब फैसला आपको करना है कि वहां जाएं या नहीं.

○ कृपया यह बताएं कि अभिनेता अजय देवगन आजकल कौन सी फिल्म बना रहे हैं?

- अजय, मलामु

– *राजू चाचा* टिकट-खिड़की पर जिस बुरी तरह से लुढ़की थी, उसके बाद नई फिल्म शुरू करने में थोड़ा समय तो लगेगा ही. वैसे उन्होंने तैयारियां शुरु कर दी हैं लेकिन अभी प्रोजेक्ट की तैयारियां पूरी नहीं हुई है. यह भी तय नहीं है कि इसकी हीरोइन पत्नी काजोल होंगी या कोई और.

○ फिल्म घातक के बाद मीनाक्षी शेषाद्रि को पर्दे पर नहीं देखा. वह कहां है और अब किस फिल्म में दिखाई देंगी?

- मयूर गोस्वामी, मोदीनगर

– मीनाक्षी शेषाद्रि शादी करके अपने पति के पास अमेरिका चली गई थीं. वह एक पुत्री की मां भी बन गईं. कुछ वर्ष बाद वह मुंबई लौटीं. फिर से फिल्म कैरियर शुरु करने की कोशिश की. लेकिन बात नहीं बन पाई. उनकी दो अधूरी फिल्में रुकी पड़ी हैं. इनमें एक है दिलीप कुमार के निर्देशन में बनने वाली *कलिंगा*. लेकिन यह भी ऐसी अटकी है कि इसके पूरी होने की अब कोई संभावना नहीं लगती.

○ मैं अक्षय कुमार की जबरदस्त फैन हूं. लेकिन मुझे दुख है कि वे न तो अपने मेकअप पर ध्यान देते हैं, न कपड़ों पर क्या उनका ड्रेस डिजाइनर समझदार नहीं है? उनकी आने वाली फिल्में कौन-कौन सी हैं?

- अमृता तिवारी, धनबाद

– आपकी शिकायत कुछ हद तक जरूर ठीक है लेकिन मेकअप और ड्रेस डिजाइनिंग निर्देशक कराते हैं. यह उनकी इच्छा के अनुसार होता है. अक्षय की आने वाली फिल्में हैं–*क्रोध* (रवीना), *पूरब की लैला पश्चिम का छैला* (नम्रता शिरोड़कर), *लश्कारा* (वर्षा उसगांवकर), *हां मैंने प्यार किया* (करिश्मा), *आवारा पागल दीवाना* (ट्विंकल खन्ना).

○ मुझे गीत लिखने का शौक है. मैं ऐसे गीत लिखता हूं जो महेश भट्ट, उनकी पुत्री पूजा भट्ट और देव आनंद की फिल्मों के योग्य हैं. बताइए मैं उन तक अपने गीत कैसे पहुंचाऊं?

- मोहनलाल गुप्ता, अम्बेडकर नगर (उ.प्र.)

– भेजने का तो सबसे सरल तरीका है–गीत लिखें व चार रुपए के लिफाफे में पत्र के साथ लिखकर डाक द्वारा भेज दें. लेकिन इससे काम चलेगा नहीं. पहले आप अपने गीत कुछ समझदार लोगों को सुनाकर जांच लें कि उनमें गीतों का रस है भी या नहीं. अगर आपको यकीन है कि उन्हें फिल्माया जा सकता है, तो मुंबई पहुंचिए और निर्माताओं के साथ-साथ संगीतकारों से भी मिलें. संगीतकार और गीतकार जोड़ियों के रूप में काम करते हैं. उनका समर्थन बहुत जरूरी है.

○ मैं फिल्मी दुनिया का भक्त हूं. तीन वर्ष से नियमपूर्वक पढ़ रहा हूं. कृपया बताएं कि सुनील शेट्टी की पहली फिल्म कौन सी थी और आमिर खान की आने वाली फिल्म का क्या नाम है और उसमें कौन-कौन से कलाकार हैं.

- भवेश कुमार, क्योलापट्टी, किशनपुर

– आप जैसे भक्तों की भक्ति ही तो हमारा सम्बल है. उसी ने तो फिल्मी दुनिया को सबसे अधिक बिकने वाली पत्रिका का दर्जा दिया है. सुनील शेट्टी की पहली फिल्म *बलवान* थी जो दिव्या भारती की भी पहली फिल्म थी. आमिर की आने वाली फिल्म है *लगान*. यह उनकी होम प्रोडक्शन है जिसमें टीवी सीरियल *अमानत* की डिंकी ग्रेसी सिंह हीरोइन का रोल कर रही हैं. यह फिल्म जून में आ रही है.

○ फिल्म छुपा रुस्तम का क्या चक्कर है? यह फिल्म बन चुकी है या आने वाली है?

- उमाशंकर, चिनोर, मैनपुरी

एक *छुपा रुस्तम* तो देव आनंद को लेकर बनी थी जिसे रिलीज हुए 25 साल से ज्यादा हो गए. दूसरी अभी बनी है. इसके हीरो संजय कपूर हैं और यह भी रिलीज होकर फ्लॉप हो चुकी है.

○ कृपया मशहूर संगीतकार अनु मलिक के घर का पता बताने का कष्ट करें. सुना है उन्होंने हाल ही में नए घर में प्रवेश किया है?

- सरला शर्मा, हरदोई

–लीजिए नोट कीजिए, अनु मलिक, वेलेसिया अपार्टमेंट, जुहू तारा रोड, सांताक्रूज मुंबई-49

– बच्चन श्रीवास्तव